तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3 नृत्यांगना पर्वतम योद्धा कला गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित



## खबर संक्षेप

### आईजी का निरीक्षण आज परेड की लेंगे सलामी



**कोरबा।** बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग जिले के वार्षिक निरीक्षण पर जिला पहुंचेंगे। बताया जाता है कि मंगलवार को श्री गर्ग पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेंगे जिसके बाद जवानों की समस्या व फरियाद के लिए दरबार में लगाएंगे। इसके अलावा एसपी ऑफिस सहित अन्य थाना चौकी का निरीक्षण भी करेंगे। आईजी के निरीक्षण को लेकर पुलिस ने पहले ही तैयारी पूरी कर ली थी। बताया जाता है कि आईजी के श्री गर्ग के द्वारा जिले के सभी थाना चौकी का निरीक्षण करेंगे। सभी थाना चौकी के प्रभारियों ने सभी दस्तावेजों को अपडेट कर लिये हैं। पुलिस द्वारा पहले ही पुलिस लाइन में परेड की तैयारी पूरी कर ली है।

### अतिथि शिक्षकों एवं अन्य पदों हेतु आवेदन 11 तक

**कोरबा।** जिले के सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चल-साक्षात्कार का आयोजन पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरिकला, ब्लॉक-कटघोरा में किया जा रहा है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन फॉर्म गूगल लिंक के माध्यम से भर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल निर्धारित की गई है, जबकि साक्षात्कार का आयोजन 13 अप्रैल को किया जाएगा। साक्षात्कार के समय आवेदकों को अपने पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक प्रमाणपत्रों की एक स्व-प्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। भर्ती के लिए उपलब्ध पदों में स्नातकोत्तर शिक्षक के अंतर्गत अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, जीव विज्ञान और गणित विषय शामिल हैं। प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के लिए अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, विज्ञान और शारीरिक शिक्षा के पद रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त नर्स (महिला), काउंसलर (महिला) और आतिथ्य एवं पर्यटन प्रशिक्षक के पदों पर भी नियुक्तियां की जानी हैं।

### बाबा अंबेडकर की जयंती मनाने चौहान समाज की हुई बैठक

कोरबा। हेलीपेड मुडापार में चौहान समाज कोरबा की आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमे 14 अप्रैल को बाबा डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में समाज के अध्यक्ष जीवन चौहान, सचिव दिनेश चौहान, कोषाध्यक्ष शिव कुमार चौहान, सरंक्षक नवधा चौहान, पन्नालाल चौहान तथा समाज के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित हुए।

### जल जीवन मिशन से महिलाओं के जीवन में आई मुस्कान

**कोरबा।** जिले के करतला विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढियापाली का आश्रित ग्राम ढिटोरी, जो जिला मुख्यालय से लगभग 36 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, आज विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। लगभग 763 की जनसंख्या वाले इस गाँव में पहले स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती थी, जिससे विशेषकर महिलाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। गाँव की 38 वर्षीय जोगिनी बाई उन दिनों को याद करते हुए बताती हैं कि उन्हें पानी लाने के लिए घर से काफी दूर जाना पड़ता था। गर्मी हो या बारिश, हर मौसम में साफ पानी का इंतजाम करना एक संघर्ष जैसा था, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती थी बल्कि शारीरिक श्रम भी अधिक करना पड़ता था। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल पहल और जल जीवन मिशन के माध्यम से ढिटोरी की यह तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। मिशन के तहत ग्राम ढिटोरी के सभी 176 घरों को नल कनेक्शन से जोड़ दिया गया है।

# पीएम जन मन योजना से चल रहा पिछड़े क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण पिछड़े संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में शुरु नहीं होने वाले पीएम जन मन सड़क का काम अब वन विभाग से एनओसी मिलने के बाद शुरू हो गया है। इस योजना के तहत पीएमजीएसवाय के द्वारा सड़क निर्माण के लिए टेंडर जारी किया गया है। दुर्गम क्षेत्र होने के कारण निर्माण सामग्रियों के देर से पहुंचने के कारण निर्माण कार्य रफ्तार नहीं पकड़ पाया है।

जिले के 27 क्षेत्रों में पीएम जन मन योजना के तहत सड़क निर्माण के लिए वर्ष 2025 जनवरी में सर्वे का काम किया गया था। जिसमें सर्वाधिक सड़कों का निर्माण कार्य कोरबा व पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में स्वीकृत हुए हैं। इसके बाद पाली विकासखंड में सड़कें बनाई जा रही हैं। इन तीन विकासखंडों में पिछड़ी संरक्षित जनजाति की आबादी निवास करती है। जहां तक पहुंचमार्ग का निर्माण नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में इन क्षेत्रों से आवागमन करना मुश्किल भरा होता था। सर्वे के बाद राज्य शासन को भेजी गई रिपोर्ट को स्वीकृत किए जाने से बीहड़ ⏭ शेष पेज 3 पर

### 27 स्थानों में होगा सड़कों का निर्माण

**खास बातें**

- पीएमजीएसवाय है निर्माण एजेंसी
- वन विभाग की एनओसी मिलने के बाद काम हुआ शुरु



### इन क्षेत्रों में शुरू हुआ सड़कों का निर्माण

पीएम जन मन सड़त योजना अन्तर्गत जिन क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हुआ है उनमें कोरबा ब्लाक के ग्राम खम्होन, सरईडेरा, डोकरमना, बड़मार, कुदरीचिंगार, आछीमार, भुरूमाटी आदि क्षेत्र शामिल हैं। इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड अंतर्गत बांगो डेम के विस्थापित गांव शामिल हैं। जो पहाड़ के उपर स्थित हैं। ऐसे गांवों में पहुंच मार्ग का निर्माण पीएम जन मन योजना के तहत ही शुरू किया गया है। इन गांवों में पहुंच मार्ग के अलावा पीने के पानी के लिए भी पीएचई के द्वारा नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण, पाइप लाइन बिछाने का काम किया जाएगा।

### मर्चुरी में जल्दी पीएम करने की बात को लेकर विगत दिनों हुआ था विवाद

# सरपंच ने सफाई कर्मी से की मारपीट कर्मी की मौत, परिजनों का फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृतक

जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम में देरी को लेकर एक सरपंच द्वारा मर्चुरी कर्मी के साथ मारपीट किया गया था। जहां इलाज के दौरान कर्मी की मौत हो गई और फिर क्या था परिजनों व मेडिकल अस्पताल में पदस्थ मर्चुरी कर्मियों का आक्रोश फूट पड़ा और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांगों को लेकर मेडिकल अस्पताल के बाहर परिजन हंगामा करने लगे। हंगामा की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे जहां जिस सरपंच पर मारपीट का आरोप लगा है उस सरपंच को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है जिसके बाद पुलिस हत्या की धारा जोड़कर मामले की जांच करेगी।

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र आजाद नगर निवासी ई बालचैन्या 61 वर्ष पिता केशलु चैन्या सफाई कर्मी के पद पर पदस्थ था। बताया जाता है कि 30 मार्च को ई बालचैन्या ड्यूट पर तैनात था इस दौरान बालचैन्या पोस्टमार्डम के लिए मर्चुरी पहुंचा था जहां बेदरकोना के सरपंच जयवीर सिंह ने जल्दी पीएम की बात को लेकर परिजनों का आरोप है कि सरपंच ने कर्मचारी बालचैन्या को बेरहमी से पीटा और उसका सिर दीवार पर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था और उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर किया गया था। जिसके बाद रायपुर से उसे पुनः मेडिकल कॉलेज कोरबा लाया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जैसे ही परिजनों को पता चला परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा और अस्पताल के स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में लोग अस्पताल चौकी के पास जा पहुंचे और मृतक के परिवार ने मांग की है कि आरोपी सरपंच को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। पुलिस ने मामले में पहले ही आरोपी के खिलाफ मारपीट का अपराध दर्ज कर लिया था।

हंगामे की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी सहित अन्य थाना चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी गई और आरोपी सरपंच जयवीर को हिरासत में लिया। जिसके बाद पीएम की कार्यवाही हुआ और शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया।



चिकित्सालय परिसर में मृतक के परिजनों की भीड़ व उपस्थित पुलिस।

**पीएम रिपोर्ट के बाद जोड़ी जाएंगी धाराएं**

प्रथम दृष्टया ग्राम बेंदरकोना के सरपंच द्वारा मेडिकल अस्पताल के एक कर्मी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है जिसमें कर्मी की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सरपंच को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया है। पीएम रिपोर्ट मिलते ही सरपंच के खिलाफ और अन्य धाराएं जोड़ी जाएगी।

-**प्रतीक चतुर्वेदी,** नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा

# युवक को नग्न कर दोस्त ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दस दिनों पूर्व शराब के नशे में धुत्त दो दोस्तों के बीच मोटर सायकल बेचे जाने की बात को लेकर विवाद हो गया था और एक दोस्त ने दूसरे दोस्त के कपड़े उतरवाकर जमकर पिटाई की गई थी। इस मामले में पहले ही पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया था लेकिन अब सोशल मीडिया में नग्न कर पीटे जाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस पुनः हरकत में आयी है और अब पुलिस पीड़ित युवक का पुनः बयान लेगी जिसके बाद मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ अन्य धाराएं भी जोड़ी जाएंगी।

दर्री थाना क्षेत्र स्थित एनटीपीसी कावेरी विहार कॉलोनी में एक युवक के साथ अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। युवक की बेरहमी से पिटाई कर उसे नग्न अवस्था में सड़क पर दौड़ा दौड़ाकर पीटा गया है। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक अमरदास उम्र 42 वर्ष कावेरी विहार के सर्वेंट क्वार्टर में रहता है। उसकी पत्नी कॉलोनी में अधिकारियों के घरों में काम करती है। बताया जा रहा है कि युवक शराब का आदी है और नशे की हालत में उसने अपने ही दोस्त अयोध्यापुरी निवासी सरोज नामक युवक की बाइक लेकर बाहर गया था। बताया जा रहा है कि युवक बाइक लेकर गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। आरोप है कि उसने बाइक बेच दी। इसी बात को लेकर बाइक मालिक सरोज ने 27 मार्च की रात लगभग 9 बजे शराब के नशे में धुत्त होकर अमरदास के कपड़े उतरवाकर बेरहमी से पीटा था। इस मामले में 27 मार्च को ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- 27 मार्च की रात 9 बजे दर्री थाना क्षेत्र के कावेरी विहार का मामला
- पुलिस पहले ही मामले में दर्ज कर चुकी है जुर्म, बयान के बाद जुड़ेगी धाराएँ

**लिया जाएगा बयान**

एनटीपीसी कॉवेरी विहार में बाइक को बेचे जाने की बात को लेकर 27 मार्च की रात दो दोस्तों में जमकर मारपीट की घटना सामने आयी थी। जिसपर पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया था। अब सोशल मीडिया में इसी मामले को लेकर नग्न कर युवक को पीटे जाने का वीडियो वायरल हुआ है। पीड़ित पक्ष का बयान पुनः दर्ज किया जाएगा और आरोपी युवक के खिलाफ और भी धाराएं जोड़ी जाएंगी। आरोपी युवक घटना के बाद से फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

-**आशीष सिंह,** थाना प्रभारी दर्री

# आदर्श आवासीय स्कूलों में साक्षात्कार 13 को

**कोरबा।** जिले के सभी पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह साक्षात्कार पीएम श्री एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल, छुरीकला में आयोजित होगा। जिला प्रशासन कोरबा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए गूगल फॉर्म लिंक जारी किया गया है, जिसके माध्यम से अभ्यर्थी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, वेतन, सेवा शर्तें एवं अन्य आवश्यक जानकारी जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल निर्धारित की गई है, जबकि वॉक-इन इंटरव्यू 13 अप्रैल को आयोजित होगा। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां साथ लाना अनिवार्य होगा।

- आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां साथ लाना अनिवार्य

# तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर साइकिल को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक में तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम जेंजरा बायपास मार्ग में हुआ हादसा




दुर्घटना में मृतक व क्षतिग्रस्त बाइक।

कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत जेजंरा बायपास मार्ग का है, जहां एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मोटर साइकिल क्रमांक सीजी बीयू 1936 में सवार होकर दो युवक कटघोरा हुंकरा की ओर से मुड़ाभाटा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अंबिकापुर की दिशा से कोयला लोड एक तेज रफ्तार ट्रक जेंजरा की ओर जा रहा था। मुड़ाभाटा बायपास स्थित पुलिया के मोड़ के पास अचानक ट्रक और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों में एक युवक ग्राम घुंचापुर निवासी कृष्णा दास और दूसरा ग्राम साखो का निवासी बिहारी यादव बताया जा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि फिलहाल दोनों युवकों को पुख्ता शिनाख्ती नहीं हो पायी है। पुलिस द्वारा मृत युवकों के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। संपर्क होने के बाद ही दोनों युवकों की पहचान हो पाएगी। दोनों युवक किस काम से कटघोरा आये थे यह पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भागने की कोशिश कर ⏭ शेष पेज 3 पर

### कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को टीम गठित कर जांच के दिए निर्देश

# जनदर्शन में महिलाओं ने कहा- नहीं मिल रहा समय पर राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के शहरी एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्राम खोड्डुल की महिलाओं द्वारा गांव के उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न वितरण में अनियमितता की शिकायत प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए खाद्य अधिकारी को तत्काल जांच दल गठित कर प्रकरण की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही शिकायत सत्य पाए जाने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में सरईसिंगार के निवासी प्रकाश चन्द्र साहू द्वारा अपने 14 वर्षीय दिव्यांग पुत्र यश कुमार साहू के लिए पेंशन व व्हील चेयर हेतु आवेदन प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने प्रकरण को सर्वेदनशीलता से लेते हुए उप संचालक समाज कल्याण को तत्काल यश कुमार को व्हील चेयर प्रदान करने के निर्देश दिए, उन्होंने यश के बेहतर स्वास्थ्य लाभ हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया साथ ही दिव्यांग पेंशन सहित विभाग में संचालित अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में समाज कल्याण विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक प्रकाश चन्द्र को उनके पुत्र यश कुमार के लिए व्हील चेयर प्रदान किया गया एवं अन्य विभागीय योजनाओं से शीघ्र ही लाभान्वित करने आशांवित किया गया। जनदर्शन में विभिन्न ग्रामों से आए संतोष कुमार, सामरत यादव सहित अन्य नागरिकों ने बिजली बिल में त्रुटियों के सुधार के सम्बंध में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री दुदावत ने विद्युत विभाग के अधिकारी को शिविर आयोजित कर राज्य शासन की नई गाइडलाइन के अनुसार आमजनों को राहत पहचाने के निर्देश दिए। साथ ही शिविर के सम्बंध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर टी आर भारद्वाज सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



ग्रामीणों की शिकायत सुनते कलेक्टर।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य से मुलाकात

**ढेलवाडीह।** ग्राम पंचायत ढेलवाडीह के उपसरपंच मुकेश सिंह उसरवर्षा ने प्रियंक कानूनगो (राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग) से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन वितरण में हो रही लेट लतीफी व अनियमितताओं पर गंभीर चर्चा की। मुलाकात के दौरान मुकेश सिंह उसरवर्षा ने विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में राशन की किल्लत की समस्या को प्रमुखता से उठाया और इससे आम जनता को हो रही परेशानियों से अवगत कराया । उन्होंने इस विषय पर त्वरित जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की। प्रियंक कानूनगो ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### वन विभाग के गार्ड पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने पर दो युवकों ने वन विभाग के गार्ड से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, मैट्रिक चौक निवासी कन्हैया दिवाकर पिता उमेंद दास दिवाकर वन विभाग में गार्ड हैं। 4 अप्रैल को रात 11.30 बजे वे घर के पास बैठे थे। इसी दौरान ओम लहरे, अन्नु बंजारे आए और उनके साथ गाली गलौज करने लगे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके सीने, दोनो गाल, माथा में चोट आई है। पुलिस ने श्री दिवाकर की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5,351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### उपद्रव मचा रहे नशेड़ियों ने इंजीनियर को पीटा

**बिलासपुर।** शराब के नशे में मुख्य मार्ग में उपद्रव मचा रहे नशेड़ियों ने



बाइक सवार इंजीनियर को रोककर जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, चिल्हाटी सिटी कालोनी निवासी सागर सिंह पिता सतीश सिंह आईटी इंजीनियर हैं। 5 अप्रैल को रात 9.50 बजे वे अपने बाइक से शनिचरी से बस स्टैण्ड जा रहे थे। तेलीपारा रोड संतोष किराना स्टोर के पास बीच सड़क में 3 से 4 युवक शराब के नशे में उपद्रव मचा रहे थे। वे किनारे से निकल रहे थे। इसी दौरान नशेड़ियों ने उनकी बाइक रोक लिया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की, जिससे उनके सिर व चेहरे में चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात 3 से 4 युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 126, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### स्टील प्लांट में ब्लास्ट से घायल आपरेटर की मौत

**बिलासपुर।** स्टील प्लांट में ब्लास्ट से घायल आपरेटर की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, 28 मार्च को घुटकू स्थित फील स्टील प्लांट में काम करने के दौरान अचानक ब्लास्ट होने से क्रेन आपरेटर बिहार सिवान महाराजगंज निवासी आशुतोष कुमार पटेल पिता मगनी पटेल 26 साल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए क्योर एण्ड क्योर हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को इलाज के दौरान सुबह 11.25 बजे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कर शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिलासपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि लोकबंध निवासी अजय रात्रे 40 साल सोमवार 6 अप्रैल की शाम पौन 7 बजे लोरमी रोड की ओर से कोटा की ओर आ रहे थे। लमकेना के पास अज्ञात वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

---

विगत लंबे समय से हो रहा था इंतजार

सर्वेक्षण के बाद आगे बढ़ेगी निर्माण की प्रक्रिया

# उसलापुर में एक और आरओबी का निर्माण, जल्द साफ होगा निर्माण का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर के संकरे रेलवे ओवरब्रिज से हलाकान शहरवासियों को अब जल्द ही राहत मिल सकेगी। शासन द्वारा वर्तमान में उसलापुर आरओबी के ठीक बाजू से एक और पुल बनाने के प्रस्ताव को मुख्य बजट में शामिल कर लिया गया है। अब इसका विस्तृत सर्वे कर निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकेगी।

उसलापुर फाटक पर रेल ओवरब्रिज बनने के बाद सुकून का अनुभव करने वाले शहरवासियों को इस सड़क के चौड़ीकरण कर दिए जाने के बाद ज्यादा दिक्कत होने लगी है। सड़क तो बेहद चौड़ी हो गई, लेकिन पुल पहुंचते-पहुंचते यह 80 फीट चौड़ी सड़क



एकाएक बीस फीट चौड़ाई में सिमट जा रही है, इस संकरे ओवरब्रिज पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। आए दिन होने वाले ट्रैफिक जाम से भी लोग हलाकान रहते हैं। लोक निर्माण विभाग के सेतु डिवीजन के अनुसार उसलापुर फाटक के ऊपर वर्तमान पुल के ठीक बाजू से एक और पुल बनाने संबंधी शहर की बहुप्रतीक्षित मांग पर शासन द्वारा मुहर लगा दी गई है। पुल निर्माण के संबंध में शासन को भेजे गए प्रस्ताव को इस साल के मुख्य बजट में शामिल कर लिया गया है।

मुख्य बजट में शामिल होते ही अब इसके लिए विस्तृत सर्वे कराते हुए डीपीआर तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की जाएगी। इस मार्ग के चौड़ीकरण होने के दौरान ही शहरवासियों को उसलापुर फाटक के ऊपर एक और पुल की जरूरत महसूस होने लगी थी, ताकि जाने व आने वालों के लिए एक-एक पुल आरक्षित रहे, ताकि मार्ग में सुरक्षित आवागमन किया जा सके।

### हर रोज हो रही दुर्घटनाएं

मंगला चौक से उसलापुर के बीच अतिक्रमण हटाकर सड़क काफी चौड़ी तो की जा चुकी है, लेकिन उसलापुर पुल पहुंचते-पहुंचते यह काफी संकरी भी हो जाती है। ऐसे में आवागमन करने वालों को परेशानी उठानी पड़ती है। पुल की ओर जाने एवं आने वालों के लिए यहां ट्रैफिक स्टॉपर लगाए गए हैं, ताकि उनकी गति कम की जा सके व सड़क की दोनों ही दिशाओं में आवागमन करने वालों को पुल से सड़क तक सुरक्षित उतारा जा सके। ट्रैफिक स्टॉपर लगाने के बाद भी आवागमन के दौरान इस मार्ग में लगभग हर रोज दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। उसलापुर रेल्वे स्टेशन का रास्ता भी इसी मार्ग से होकर गुजरता है, जिससे स्टेशन जाने वालों को भी काफी मशक्कत के बाद पुल के बाजू एवं नीचे से जगह मिल पाती है।

### किया जाएगा सर्वे

शासन द्वारा उसलापुर फाटक पर बनाए गए पुल के बराबर से एक और पुल बनाने के प्रस्ताव को मुख्य बजट में शामिल कर लिया गया है। अब इसका विस्तृत सर्वेक्षण किया जाएगा, जिसके बाद उच्च स्तर पर स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

**-संजय कुमार दिवाकर,** एसडीओ सेतु डिवीजन

---

सिरगिट्टी व कक्षेत्र में हुई कार्रवाई

# क्रिकेट सट्टा खिलाते 5 सटोरिए गिरफ्तार खाईवाल के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने कार व स्कूटी में घूमकर मोबाइल के माध्यम से आनलाइन आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए 5 सटोरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 6 लाख रुपए नकद, कार, मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार को सूचना मिली रायपुर की ओर से कार से मोटी नकद रकम लाई जा रही है। वे एसीसीयू प्रभारी तोप सिंह नवरंग, सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट व बल के साथ गुम्बर पेट्रोल पंप चौक के पास तैनात हो गए। इसी दौरान रायपुर की ओर से आ रही सफेद रंग की क्रेटा कार क्रमांक सीजी 10 बीडी, 8888 को रोका गया। गाड़ी में तीन लोग सवार थे। तीनों को बाहर निकालकर कार की तलाशी लेने पर 5 लाख 1 हजार 300 रुपए नकद मिला। तीनों के मोबाइल चेक करने पर पाया गया कि वे कार में घूमकर जगह बदल बदलकर आनलाइन आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहे थे। पकड़े गए युवकों में रामेश्वर गुप्ता उर्फ दउवा पिता स्व. कृष्ण कुमार 40 साल बाजारपारा गनियारी कोटा, दीपचंद सोनकर उर्फ चिंटू पिता सूरज सोनकर 32 साल देवरीखुर्द चन्द्रशेखर आजाद चौक, सीताराम साहू पिता कीर्ति राम साहू 36 साल नजरलालपारा सिरगिट्टी निवासी है। पूछताछ में सटोरियों ने खाईवाल नितिन हरजपाल के लिए सट्टा खिलाना स्वीकार किया है। पुलिस खाईवाल को नहीं पकड़ पाई है। पुलिस ने उनके कब्जे से 5 लाख 1 हजार 300 रुपए नकद, 4 मोबाइल, क्रेटा कार जब्त किया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 7, 2, 112 के तहत फरार खाईवाल व सटोरियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सटोरियो से जब्त रुपए और मोबाइल।



पुलिस गिरफ्त में सटोरिए।

### मोबाइल से क्रिकेट सट्टा खिलाते 2 गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली जूना बिलासपुर में दो युवकों के द्वारा मोबाइल के माध्यम से आनलाइन आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा है। एएसआई विजय राठौर ने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर मोबाइल से सट्टा खिलाते दीपक भक्तानी पिता मेवल दास भक्तानी 36 साल जूना बिलासपुर, विशाल विधानी पिता राजेश विधानी 30 साल तोरवा नाका निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 1 लाख 10 हजार रुपए नकद, स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएल 2191, मोबाइल जब्त किया गया है।

### कानन पेंडारी में जुआ खेलते 6 गिरफ्तार

सकरी टीआई विजय चौधरी को सूचना मिली कि कानन पेंडारी के जंगल में बड़ी संख्या में जुआरी एकत्रित होकर जुआ में मोटी रकम लगा रहे हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ टीम बनाकर जंगल में दबिश देकर जुआ खेलते अमन मनवानी पिता कालीदास मनवानी 32 साल सागरदीप कालोनी, आकास मवानी, रोहित लोनवानी पिता जितेन्द्र कुमार लोनवानी 25 साल बाम्बे आवास बिलासाताल कोनी, कमल राजपूत पिता रामानुज राजपूत 22 साल विदयानगर शिवनगर, लक्की जग्गा पिता रामचंद्र जग्गा 25 साल आर्शीवाद वैली रामलाईफ सकरी, जयप्रकाश साहू पिता हरिराम साहू 28 साल देवनंदननगर सरकण्डा निवासी को पकड़ लिया। वहीं अन्य जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। जुआरियों के पास से 35 हजार रुपए नकद, एक बुलेट, व एक्टीवा जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

---

# पटवारी को हटवाने की मांग को लेकर विधायक पहुंचे कलेक्टोरेट



**बिलासपुर।** आमागोहन पटवारी द्वारा विगत 6 महीने से क्षेत्र के ग्रामीणों से फौती-नामांतरण, सीमांकन एवं जाति निवास जैसी छोटी चीजों के लिए भी पैसे की मांग कर मानसिक रूप से परेशान करने की कलेक्टर से शिकायत की गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के साथ कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया व पटवारी को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की।

कोटा क्षेत्र के ग्राम आमागोहन मोहली एवं तुलुफ में पटवारी अंकित स्वर्णकार पदस्थ है। पटवारी के खिलाफ शिकायत करने ग्रामीण सोमवार को कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के निवास पहुंचे, फिर विधायक के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पटवारी के विरूध्द शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि पटवारी पिछले 6 माह से लगातार मनमानी कर किसानों से दुर्व्यवहार करते हुए आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। इतना ही नहीं, बल्कि फौती नामांतरण बटवारा सीमांकन जाति निवास सहित प्रत्येक कार्य के लिये पैसे की मांग की जाती है। पटवारी द्वारा धान के गिरदावरी व भौतिक सत्यापन के नाम पर भी किसानों से राशि की मांग की गई थी। इस दौरान किसानों द्वारा राशि नही देने पर 150 किसानों का धान का रकबा विलोपित, कम व त्रुटि कर धान बिक्री करने से वंचित कर दिया गया था। ग्रामीणों ने तहसीलदार एवं एसडीएम से अनेक बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नही होने की बात कही। आमागोहन के ग्रामीण राजेन्द्र गुप्ता ने पिता के नाम पर 6 एकड़ भूमि में 1954 से काबिज होने लेकिन पटवारी द्वारा जानबूझकर भूमि को शासकीय मद में दर्ज करने का आरोप लगाया है। इसी तरह ग्राम तुलूफ की राजकुवंर ने 4 पीढ़ियों से काबिज भूमि का पट्टा बनाने के नाम पर राशि की मांग करने एवं नहीं देने पर मकान को तोड़ने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

- ऊंची पहुंच का रौब दिखाकर पटवारी पर मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप

इस पूरे मामले में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने पटवारी के द्वारा क्षेत्रवासियों पर की जा रही प्रताड़ना एवं गलत कार्यो की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का मांग की गई है।

---

# पुलिस की तर्ज पर वाकी टाकी के माध्यम से बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी, एक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस की तर्ज पर हाईटेक के स्टाइल में गांजा तस्कर वाकी टाकी के माध्यम से जिले में गांजा की तस्करी की जा रही है। पुलिस ने गांजा तस्करों की पायलेटिंग करते आ रहे कार सवार युवक को पकड़ लिया है। उनके पास से 3 किलो 329 ग्राम गांजा, 2 वाकी टाकी व कार जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

- 3 किलो 329 ग्राम गांजा व कार जब्त
- समय पूर्व में सूचना मिलने पर बड़े तस्कर भाग निकले

रतनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैन को सूचना मिली पेंड्रा रोड की ओर कार में बड़े पैमाने पर गांजा बिक्री करने के लिए ले जाया जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ ग्राम घासीपुर के पास घेराबंदी की। इसी दौरान पेंड्रा की ओर से आ रही नीले रंग की कार सवार को रोका गया। कार की तलाशी लेने पर 3 किलो 329 ग्राम गांजा, 2 वाकी टाकी, मोबाइल मिला। पुलिस ने कार सवार तस्कर सौरभ मिश्रा पिता स्व. अनिल मिश्रा 26 साल ग्राम धनगंवा गौरेला निवासी को पकड़ लिया। बताया जाता है। पकड़ा गया आरोपी बड़े गांजा तस्करों की पायलेटिंग करते हुए आ रहा था। उसके द्वारा वाकी टाकी के माध्यम से पुलिस नाकाबंदी की सूचना पर बड़े गांजा तस्कर रास्ता बदलकर भाग गए। पुलिस ने 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।





पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त कार।

### 3 किलो मीटर का दायरा

तत्काल सूचना अदान प्रदान करने के लिए पुलिस वाकी टाकी का उपयोग करते हैं। उसी तर्ज पर गांजा तस्कर वाकी टाकी का उपयोग कर रहे हैं। बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी करने वाले तस्कर अपनी गाड़ी के आगे पायलेटिंग करने अपने सहयोगियों को भेजते हैं और उनके द्वारा वाकी टाकी के माध्यम से पुलिस गतिविधियों की जानकारी दी जाती है। वाकी टाकी का रेंज 3 किलो मीटर दूर का दायरा रहता है।

### डाट लगाने पर 11 साल के बच्चे ने फांसी लगाई

**बिलासपुर।** नदी में नहाने से जाने पर घरवालों ने डाटा तो 11 साल के बच्चे ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया कि कुकुरदीकला निवासी गौकरण केंवट का बेटा शुभम केंवट कक्षा पांचवीं का छात्र था। सोमवार को वह नहाने के लिए नदी गया था। नहाकर घर आया और कुछ देर बाद फिर से नदी में नहाने जा रहा था। जिससे घरवालों ने डाट दिया। उसके बाद भी वह नहाने जाने के लिए निकल गया। उसके बाद आधे रास्ते से घर लौट गया और म्यार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घरवालों ने उसकी फांसी पर लटकी लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# महिला से अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग, 20 लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कीर्तन सिखाने वाला महिला की अश्लील फोटो बनाकर उसे सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग करने लगा और 20 लाख रुपए की वसूली कर ली। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रागी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली एक महिला घर के पास धन गुरूनानक दरबार गुरूद्वारा में परिवार सहित पूजा कीर्तन के लिए जाती थी। गुरूद्वारा के मनिन्दर सिंह खालसा कीर्तन करता था और वहां का रागी था। उससे महिला व उनके घरवालों की जान पहचान हो गई थी। वह महिला को कीर्तन करना सिखाया करता था। पहले रागी ने उनसे उधार के रूप में छोटी रकम लेता था। बाद में बदनाम करने की धमकी देकर व एआई के माध्यम से अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर बड़ी बड़ी रकम वसूली करने लगा। उनके पति व दोनों बेटियों की अश्लील फोटो वायरल करने व तलवार से सभी को काट देने धमकी देकर रकम वसूल करता रहा है। महिला के द्वारा शिकायत करने पर गुरूद्वारा कमेटी के द्वारा उसे नौकरी से हटा दिया गया तो वह मूल निवास गुरूनानक नगर सुलतान मिन्ड रोड कटरा सलग्राम अमृतसर पंजाब से भी डरा धमकाकर जान से मारने की धमकी देकर वसूली करने लगा। महिला से रागी ने ब्लैकमेलिंग कर 20 लाख रुपए की वसूली कर ली। वहीं उनको 10 से 20 करोड़ रुपए वसूली करने की धमकी देता था। ब्लैकमेलिंग से त्रस्त होकर महिला ने घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रागी के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 2, 351, 2, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# हाइवा ने बाइक सवार को लिया चपेट में, बाल-बाल बचा व्यक्ति



**बिलासपुर।** बेकाबू हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में ले लिया। बाइक चक्के के नीचे आने से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं दूर फेंका जाने पर व्यक्ति बाल- बाल बच गया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार बाइक सवार एक व्यक्ति राजकिशोरनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे बेकाबू हाइवा क्रमांक सीजी 10 एई, 4713 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार व्यक्ति दूर फेंका गया और उसकी बाइक चक्के के नीचे आने से क्षतिग्रस्त हो गई है। दूर फेंका जाने से व्यक्ति बाल-बाल बच गया नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने हादसे की रिपोर्ट थाने में नहीं लिखाई है।

# सुगम पुलियाओं से किया जाएगा पटरी पार

**बिलासपुर।** रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को अब रेलवे मिशन मोड में रोकेगा। सुविधाजनक पुलियाएं बनाकर इसे सुनिश्चित किया जाएगा। इसके उपरांत पटरी के आरपार सुगम पुलियाओं का निर्माण कार्य केवल 12 घंटे में होगा, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

रेल अफसरों के अनुसार रेल पटरी के एक तरफ बस्ती है और दूसरी ओर खेत, विद्यालय शमशान व अन्य उपयोगी एवं महत्वपूर्ण स्थान हैं। ऐसे स्थानों पर रेल पुलियाएं बनाए जाएंगे। बोर्ड से आदेश दिया गया है कि ऐसे रेल पुलिया बनाए जाएंगे जो पटरी पार करने वाले लोगों के लिए एक जीवनदायिनी विकल्प के रूप में उभरे। इन रेल पुलियाओं को बनाते समय ध्यान रखा जाएगा कि एक आदमी सायकल, मोटर सायकल और कामकाज से जुड़े अन्य चीजों को अपने साथ ले जा सके। इससे पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगा। पूरे रेलवे की इस समस्या से आगामी 5-6 वर्षो में निजात दिलाने कहा गया है।

### फांसी लगाने की अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं की मौत

अम्बिकापुर। फांसी लगाने की अलग-अलग घटनाओं में दो महिला की मौत हो गई। एक विवाहिता की मौके पर जबकि दूसरी महिला की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम केपी बतरा पहरी निवासी पूजा गिरी पति मुकेश गिरी (19 वर्ष) बताया जा रहा है कि ढाई साल पहले की पूजा का विवाह हुआ था। रविवार की शाम घर में तभी पति को बुखार होने पर पति को दवा लाने को कही लेकिन पति दवा लाने के बजाय डांस करने चला गया।

# मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन, 5 घंटे एनएच जाम

**अंबिकापुर।** एनएच 130 पर रविवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं की मौकत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीणों ने मुआवजा व कार्रवाई की मांग को लेकर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लगभग पांच घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित रहा और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चक्काजाम से दोनों ओर 10 किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लगी रही। प्रशासनिक अमले ने उचित मुआवजा सहित अन्य आश्वासन देकर



तीन बजे चक्काजाम समाप्त कराया।

बता दें कि रविवार की शाम लखनपुर जोगीबांध निवासी 50 वर्षीया रामबाई पति जूठन, 60 वर्षीया मुन्नी बाई पति धनसाय राजवाड़े, 55 वर्षीय श्यामपति पति तिलसाय राजवाड़े नेशनल हाईवे 130 स्थित भिट्ठीकला में बाजार से सब्जी खरीदकर लौट रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के चालक के शराबी चालक ने पैदल घर लौट रही महिलाओं को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिलाएं दूर जा गिरी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दौरान गामीणों का आक्रोश भड़क उठा था लोगों ने चालक सोनू राजवाड़े की जमकर पिटाई कर दी। ग्रामीण आन्दोलन की तैयारी कर रहे थे। लगभग एक घंटे तक चले हंगामे के बाद एसडीएम के आश्वासन उपरान्त मामला शांत हो गया था लेकिन सोमवार की सुबह एक बार फिर से ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। एक ही परिवार की तीन महिलाओं की लाश पीएम उपरान्त परिजन को सौंपी गई।

## खबर संक्षेप

### बिजली की आंख मिचौली से पेयजल की समस्या बढ़ी

**छुरीकला।** गर्मी शुरू होते ही बिजली की आंख मिचौली शुरू हो गई है। चौबीस घंटे बिजली का आना जाना होने से लोगों के दिन चर्या पर असर पड़ने लगा है वहीं पेयजल आपूर्ति ठप्प होने से समस्या बढ़ने गई है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ेगी बिजली समस्या बढ़ते जाएगी, बिजली बंद चालू होने से पेयजल आपूर्ति पर असर पड़ रहा है लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है एक बाल्टी पानी के लिए भटकना पड रहा है। लोगों का कहना है बिजली व्यवस्था सुधारने एवं मेंटनेंस के लिए तीन माह से नगर क्षेत्र की बिजली घंटों बंद कर सुधार कार्य किया गया उसके उपरान्त नगर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो पाया बिजली व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है। वहीं नगर में बैठे जनप्रतिनिधि भी बिजली और पानी व्यवस्था को लेकर कोई कदम नहीं उठाए जा रहे। जनप्रतिनिधि भी मुंह दर्शक बने हुए हैं नगरवासियों के लिए बड़ी दुर्भाग्य है उर्जा नगरी क्षेत्र होते हुए भी बिजली पानी समस्या से लोगों को जुझना पड़ रहा है। वहीं नल जल आपूर्ति टैक्स पंचायत को दिये जाने के बावजूद नगरवासियों की प्यास बुझ नहीं पा रही हैं।

### अंगूठा लगाने के बाद भी नहीं मिल रहा राशन, कलेक्टर से शिकायत

**कोरबा।** कोरकोमा पंचायत से पीडीएस को लेकर मामला सामने आया है, जहां शासकीय उचित मूल्य की दुकान से पिछले तीन महीनों से ग्रामीणों को राशन नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन दुकान संचालक उनसे हर महीने फिंगरप्रिंट (अंगूठा) लगवा लेता है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें खाली हाथ वापस भेज दिया जाता है। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार तीन महीने से राशन नहीं मिलने के कारण उनके सामने खाद्य संकट की स्थिति पैदा हो गई है। परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है और उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संचालक उनकी गरीबी का मजाक उड़ाते हुए सरकारी राशन की खुलेआम हेराफेरी कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### अमरजीत बनाए गए छग युवा प्रदेश अध्यक्ष

**कोरबा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने



अमरजीत सिंह को छग युवा प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। यह घोषणा महाराष्ट्र में आयोजित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय युवा एवं महाराष्ट्र प्रदेश अधिवेशन के दौरान की गई। अमरजीत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में क्षत्रिय युवाओं को एकजुट करना और समाज के कल्याण के लिए कार्य करना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अमरजीत सिंह के समाज के प्रति लंबे समय से अपना योगदान दे रहे हैं। पदाधिकारियों का मानना है कि अमरजीत सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संगठन न केवल सशक्त होगा, बल्कि युवाओं की भागीदारी में भी अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

### राशन वितरण में लापरवाही पर पार्षदों ने चक्काजाम की दी चेतावनी

**कोरबा।** बांकीमोंगरा और आसपास के क्षेत्रों में पिछले दो तीन महीनों से राशन वितरण की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इस समस्या को लेकर पार्षदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोलते हुए खाद्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि शासन द्वारा मुफ्त चावल के नाम पर विज्ञापनों और पोस्टरों में करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। बांकीमोंगरा, पोंड़ी-उपरोड़ा और कोरबा शहरी क्षेत्रों में लगभग 20 से 30 फ़ीसदी लाभार्थी पिछले कई महीनों से राशन से वंचित हैं। ग्रामीण घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं। पिछले महीनों का बकाया चावल का कोटा विभाग द्वारा बंद कर दिया गया है, जिससे गरीब परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। उक्त शिकायत को लेकर नेता प्रतिपक्ष और पार्षद मधुसूदन दास, हेमंत कुमार, संदीप कुमार, विकास सिंह एवं अन्य जन्म प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पात्र हितग्राहियों को पिछले महीनों का बकाया चावल नहीं दिलाया गया, तो वे नेशनल हाईवे पर चक्काजाम आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

### कसनिया में नवनिर्मित 33/11 केवी उपकेंद्र का हुआ लोकर्पण

**कोरबा।** छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से कटघोरा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिये कटघोरा संभाग के अंतर्गत नवनिर्मित 33/11 केवी उपकेंद्र कसनिया का लोकार्पण श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर की उपस्थिति में किया गया। इस नए उपकेंद्र के शुरू हो जाने से कटघोरा, कापुबहरा, मोहनपुर, अमरपुर, घूँचापुर, सुत्तरा, अछिदादर, लखनपुर, राल तथा कटघोरा के 4 वार्डों के लगभग 5 हजार से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा फायदा होगा। अब इन क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति, ओवरलोडिंग की समस्या से मुक्ति मिलेगी। 1 करोड़ 82 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र की क्षमता 3.15 एमव्हीए है। मंत्री श्री देवांगन ने कटघोरा के 4 वार्ड एवं 8 गांव के लोगों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि बताया है।

# जरूरतमंदों की सेवा में अग्रणी मानव सेवा मिशन, स्थापना दिवस पर सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको संयंत्र में कार्यरत युवाओं एवं उनके परिवारजनों द्वारा संचालित सामाजिक संस्था मानव सेवा मिशन ने अपने छठवें स्थापना दिवस को सेवा और समर्पण के साथ मनाते हुए विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा बालको क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर पशु-पक्षियों के लिए पानी पात्र (कोटना) वितरित किए गए, जिससे जीव-जंतुओं को राहत मिल सके।

इस अवसर पर सीएसईबी वेस्ट कॉलोनी स्थित माँ सर्वमंगला वनवासी कन्या छात्रावास में अध्ययनरत बालिकाओं को शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। साथ ही उनके लिए रात्रि भोज का आयोजन किया गया और दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं हेतु नगद सहयोग भी दिया गया। इस पहल ने छात्रावास की बालिकाओं के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान बालको अग्निशमन विभाग के पीतांबर ने उपस्थित बच्चों एवं सदस्यों को आग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी, जिससे जागरूकता का संदेश भी प्रसारित हुआ। उल्लेखनीय है कि मानव सेवा मिशन की स्थापना कोरोना काल के दौरान जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से की गई थी। तब से लेकर अब तक संस्था हजारों लोगों को राशन, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा चुकी है। इसके अलावा कंबल वितरण, भोजन सेवा, शिक्षा सहयोग एवं आर्थिक सहायता जैसे सेवा कार्य निरंतर जारी हैं। इस अवसर पर संस्था के सक्रिय सदस्य केशव चन्द्रा,अमर पटेल, राजेश धीवर,अशोक पटेल, संजय विजयवर्गीय, सत्यम सोनी, दिनेश पृथ्वीकर,योगेश पटेल,कमलेश बोहरपी, राम सहाय पटेल, लिलेश्वर शर्मा, दीप बैनर्जी, शैलेन्द्र जायसवाल, संजू धुर्वे, प्रदीप नायक सहित महिला सदस्यों में माधुरी चन्द्रा, उमा पटेल, मेघा सोनी, स्मिता पटेल, अल्का पृथ्वीकर, सरिता धीवर, सिमरन विजयवर्गीय, प्रभा पटेल, हेमलता वर्मा, वर्षा बोहरपी, नीलिमा जायसवाल, दीप्ति सोनी, सुमन बनर्जी के अलावा छोटे छोटे बच्चे उपस्थित रहे। छात्रावास की ओर से केयरटेकर एम. जी. बारस्कर सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

**वनांचल क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक कार्य**

**खास बात**

- पहाड़ी कोरवा बस्ती में वस्त्र के साथ खाद्य सामग्री का किया गया वितरण




## कार्यक्रम में 11 क्लब के पदाधिकारी हुए शामिल

# रीजन कॉन्फ्रेंस काव्या में सेवा कार्यों के लिए लायंस क्लब कटघोरा छुरी हुआ सम्मानित



रीजन कांफ्रेंस में उपस्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पीएमजेएफ विजय अग्रवाल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रविवार को कोरबा के ब्लू डायमंड होटल में भव्य रीजन कॉन्फ्रेंस काव्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पीएमजेएफ विजय अग्रवाल रहे। वहीं ला राजेन्द्र तिवारी पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरमैन, ला राजकुमार अग्रवाल, पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाईस चेयरमैन, ला शैलेश अग्रवाल पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, ला एम डी माखीजा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, श्रीमती नीतू गुप्ता,व क्लब अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल विशिष्टअतिथि रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता रीजन चेयरमैन लायन कैलाश नाथ गुप्ता ने की।

इस अवसर पर रीजन 1 में आने वाले सभी 11 क्लब के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। सर्वप्रथम रीजन चेयरमैन कैलाश नाथ गुप्ता ने उपस्थित सदन को आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया कि रीजन के सभी क्लबो के द्वारा वर्ष भर में किए गए उत्कृष्ट सामाजिक एवं सेवा कार्यों के लिए सभी क्लबो को सम्मानित करने हेतु रीजन कांफ्रेंस आयोजित किया गया। जिसमें लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के पदाधिकारियों व सदस्यो को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। क्लब को स्वास्थ्य शिविर, सामाजिक सहयोग, हंगर एक्टिविटी, स्थाई गतिविधि, ब्लड डोनेशन व जरूरतमंदों की सहायता तथा जनहित से जुड़े अनेक कार्यों को सराहते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि लायन विजय अग्रवाल ने कहा कि लायन्स क्लब केवल एक संगठन नहीं बल्कि सेवा की एक सशक्त भावना है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुँचाने का कार्य करता है। उन्होंने सभी क्लबों से सेवा कार्यों को और अधिक विस्तार देने का आह्वान किया। सांथ ही यह भी बताया कि लायन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही जिस प्रकार से सेवा के कार्य कर रहे वह किसी से भी छुपा नही है। पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरमैन ला राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि लायन्स क्लब के सदस्य निरंतर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम के अंत में लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के अध्यक्ष लायन मनोज अग्रवाल ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कटघोरा क्लब से डिस्ट्रिक्ट पीआरओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, दीपक गर्ग, प्रकाश अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, विशेष मित्तल, अजय श्रीवास्तव, राजूदास दीवान, राकेश शर्मा, विजय बाजपेयी सहित सभी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

# नृत्यांगना पर्वतम योद्धा कला गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित



नृत्य की प्रस्तुति देती पर्वतम योद्धा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए युवा कथक नृत्यांगना पर्वतम योद्धा को कला गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान संगीत कला अकादमी रायपुर द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित सांस्कृतिक महोत्सव नटरंग – फेस्टिवल ऑफ इंडियन आर्ट एंड कल्चर के दौरान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देशभर के प्रतिभाशाली कलाकारों ने भाग लिया, जिसमें पर्वतम योद्धा ने अपनी उत्कृष्ट कथक प्रस्तुति से दर्शकों एवं निर्णायकों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति में लय, भाव, ताल और अभिव्यक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला, जिसने सभी को प्रभावित किया। अकादमी की निदेशक डॉ. संगीता कापसे ने सम्मान प्रदान करते हुए कहा कि पर्वतम योद्धा जैसी युवा प्रतिभाएं भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और कला के प्रति लगन सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं पारंपरिक उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से परिवार, गुरुजनों एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। पर्वतम योद्धा दिल्ली पब्लिक स्कूल बाल्को में 4 वीं कक्षा में पढ़ रही है और वह अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक और तबला गुरु पंडित मोरध्वज वैष्णव से कथक नृत्य सीख रही है और वह भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड के कर्मचारी पर्वतम सतीश कुमार की बेटी हैं।

# छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के कोषाध्यक्ष का तीर्थ धाम यात्रा से लौटने पर हुआ स्वागत



कोषाध्यक्ष का स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर के तीर्थ धाम यात्रा से लौटने पर टीपी नगर सेंटर में वितरकों द्वारा उनका माला एवं श्रीफल भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वितरकों ने उनका आत्मीय अभिनंदन करते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं भी दीं। कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने अपने परिवार सहित पशुपतिनाथ, वाराणसी, गया जी सहित अनेक प्रमुख तीर्थ धामों की यात्रा की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा आध्यात्मिक रूप से अत्यंत सुखद एवं संतोषजनक रही और विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन से उन्हें मानसिक शांति प्राप्त हुई। यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न धार्मिक परंपराओं एवं संस्कृतियों का भी अनुभव किया। टीपी नगर सेंटर में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, सचिव जय सिंह नेताम, संयोजक तपेश्वर राठौर, सह सचिव राय सिंह कंवर, रामा, राजकुमार पटेल, अनिल गिरी दिलीप यादव तथा कृष्ण कुमार निर्मलकर सहित अन्य वितरक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने कोषाध्यक्ष का स्वागत करते हुए उनके अनुभवों को सुना और भविष्य में संघ की गतिविधियों को और सशक्त बनाने पर भी चर्चा की गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीएम जन मन...

दुर्गम क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य की राह आसान तो हुई लेकिन वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण उन क्षेत्रों में सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका था, जो वन क्षेत्र के अधीन आते थे। ऐसे क्षेत्र कोरबा विकासखंड में ज्यादा थे। एक वर्ष में पाली विकास खंड के ग्राम पंचायत सिरपुर में ही पीएम जन मन सड़क का काम पूरा हो सका था। जबकि 26 स्थानों में सड़क निर्माण को लेकर वन विभाग की एनओसी का इंतजार करना पड़ता था। प्रत्येक सड़क के निर्माण के लिए 20 से 50 लाख रुपए की राशि खर्च किए जाने का प्रावधान किया गया है।

### युवक को नग्न...

अमरदास की रिपोर्ट पर सरोजदास के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया था लेकिन नग्न अवस्था कर मारपीट किये जाने की घटना सामने नहीं आया था। अब पुलिस पुनः इस मामले में अमर दास का बयान के आधार पर आरोपी सरोज के खिलाफ अन्य धारा जोड़ेगी।

### तेज रफ्तार ट्रक...

रहा था, लेकिन कटघोरा पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने डायल 112 और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

# यूथ हॉस्टल ने किया ट्वाइलाइट फैमिली कैंपिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कैंपिंग में उपस्थित यूथ हॉस्टल के सदस्य।

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की कोरबा यूनिट द्वारा हरे-भरे पहाड़ों और प्राकृतिक सुंदरता से घिरे मनोहारी स्थल पीपल पानी गांव में अपने प्रथम ट्वाइलाइट फैमिली कैंपिंग एवं नेचर स्टडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 50 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम सायं 4 बजे प्रारंभ होकर रात्रि 11बजे तक चला। प्रतिभागियों ने घने जंगलों के बीच प्रकृति का अद्भुत अनुभव प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि के रूप में युथ हॉस्टल कोरबा यूनिट के संरक्षक एवं डीएसपीएम के मुख्य अभियंता संजीव कंसल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अलका कंसल थी। कार्यक्रम चेयरमैन संदीप सेठ के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें कैंपिंग, गुफा अन्वेषण, जलप्रपात भ्रमण, तारों का अवलोकन तथा जल संबंधी गतिविधियों जैसी रोमांचक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में खगोल विज्ञान पर आधारित जानकारी भी सदस्यों को प्राप्त हुई। विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं समूह गतिविधियों ने प्रतिभागियों में उत्साह और टीम भावना को बढ़ाया। श्रीमती रत्ना नामदेव के नृत्य, ए. वाई. तोमर, शैलेश गुप्ता एवं संतोष धुर्वे द्वारा संगीत प्रस्तुति ने वातावरण को जीवंत बना दिया। मुख्य अतिथि संजीव कंसल ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। खेलों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम की सफलता में रीना मिश्रा, त्रिभुवन, पी. एल. मिरेन्द्र, सुमन सेठ , विकास नामदेव, अध्यक्ष सतीश शुक्ला, मनोज मिश्रा, डॉ. सुनील, कल्पना, अलका, ऋतिका, शिव कुमारी, ए. वाई. तोमर तथा दोलेराम साहू सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर एम. सी. सोनी, साधना, सुपर्णा चटर्जी, कल्पना, शांति, मंजू बिष्ट, त्रिवेणी देवी, आनंद, स्मिता देशपांडे, नविता तोमर, रुद्र शरण, भावना, राकेश चंद्रा, लता चंद्रा, शैलेश गुप्ता, डॉ. उषी बाला, भूपेंद्र राजपूत, सीमा राजपूत, अनामिका गुप्ता, अतुल गुप्ता, कमलेश, मनीषा , निहारिका एवं विशाल सहित अनेक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क.........
बी-121/2025-26
ग्राम, हुंकरा प.ह.नं.11
तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आम जनता मौजा ग्राम हुंकरा, प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. व. तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरा राम, पिता स्व. सहसराम जाति-बिंझवार निवासी ग्राम-हुँकरा, रा.नि.म. व तह० कटघोरा जिला कोरबा छग के द्वारा ग्राम-हुँकरा प०ह०न० 11 तह०-कटघोरा स्थित भूमि के खसरा न0 17/2, शा. 5/, 17/4, 17/5, 24/1/ख, 27/1, 27/4, 44/3, 111/1, 113, 115/3, 217/12, 723/1/छ, रकबा क्रमशः 0.2950, 0.0400, 0.1010, 0.1290, 0.1980, 0.2020, 0.0400, 0.1910, 0.2740, 0.2020, 0.0240, 0.2020, हे. आवेदक वगै. के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका लेमीलेशन / फोटोकापी कराये जाने के दरम्यान कहीं गुम हो जाने का लेख करते हुये थाना कटघोरा को प्रेषित सूचना पत्र की पावती, बैंक चलान, एवं बैक से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20.04.2026 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थानः- कटघोरा

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क... बी-121/2025-26
ग्राम, हुंकरा प.ह.नं.11
तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आम जनता मौजा ग्राम हुंकरा, प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. व तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरा राम, पिता स्व. सहसराम जाति-बिंझवार निवासी ग्राम-हुँकरा, रा.नि.म. व. तह० कटघोरा जिला-कोरबा (छग) के द्वारा ग्राम-हुँकरा प०ह०न० 11 तह०-कटघोरा स्थित भूमि के खसरा न0 17/1, 24/1/क, 24/1/ग/2, 112/1, 115/2, 119, 120/2, 112/3, 132, 134/1 रकबा क्रमशः 0.1010, 0.0240, 0.0530, 0.1380, 0.4130, 0.1010, 0.2830, 0.2590, 0.2630, 0.1210 हे. कुल ख.नं. 10 कुल रकबा 1.7560 हे, भूमि आवेदक वगै. के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका लेमीलेशन / फोटोकापी कराये जाने के दरम्यान कहीं गुम हो जाने का लेख करते हुये थाना कटघोरा को प्रेषित सूचना पत्र की पावती, बैंक चलान, एवं बैक से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20.04.2026 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03. 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थानः- कटघोरा

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क............बी-121/2025-26
ग्राम, हुंकरा प.ह.नं.11
तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आम जनता मौजा ग्राम हुंकरा, प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. व. तहसील-कटघोरा,जिला-कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक बुधवार सिंह, पिता धनीराम, जाति-बिंझवार निवासी ग्राम-हुँकरा, रा.नि.मं. व. तह० कटघोरा जिला-कोरबा छग के द्वारा ग्राम-हुंकरा प०ह०न० 11 तह०-कटघोरा स्थित भूमि के खसरा न० 17/3, 17/6, 18, 24/1/ग/1, 27/2, 27/3, 44/1, 44/4, 48/2, 49, 51, 52, 53/1, 104, 105/2,, 109, 110/3/क, 120/1, रकबा कमशः 0.1620, 0.1050, 0.0320, 0.0770, 0.1980, 0.2020, 0.0120, 0.0400, 0.0730, 0.5460, 0.0400, 0.0890, 0.2430, 0.1420, 0.1210, 0.0080, 0.1050, 0.4050 हे. कुल ख.नं. 18 कुल रकबा 2.6000 है, भूमि आवेदक वगै. के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका लेमीलेशन / फोटोकापी कराये जाने के दरम्यान कहीं गुम हो जाने का लेख करते हुये थाना कटघोरा को प्रेषित सूचना पत्र की पावती, बैंक चलान, एवं बैक से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20.04.2026 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थानः- कटघोरा

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं (हिन्दी) कुमार सिंह बिष्ट (अंग्रेजी) KUMAR SINGH BISHT (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र-प्रेम सिंह बिष्ट, निवासी-सी-33, आदर्श नगर, कुसमुंडा, कोरबा (छ.ग.) 495454 राज्य का स्थायी निवासी हूँ। मैं अपना नाम (हिन्दी) कुमार सिंह बिष्ट (अंग्रेजी) KUMAR SINGH BISHT, पुराना नाम से बदलकर (हिन्दी) कुमेर सिंह बिष्ट (अंग्रेजी) KUMER SINGH BISHT (नया नाम) रख लिया है। अतः अब से मुझे कुमेर सिंह बिष्ट (KUMER SINGH BISHT) के नाम से जाना पहचाना, पुकारा व शासकीय/अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे।

**नया नाम**
**कुमेर सिंह बिष्ट,**
**(KUMER SINGH BISHT)**
**पिता-प्रेम सिंह बिष्ट**
**निवासी-सी-33, आदर्श नगर, कुसमुंडा, कोरबा (छ.ग.) 495454**

**पुराना नाम**
**कुमार सिंह बिष्ट**
**(KUMAR SINGH BISHT)**
**पिता-प्रेम सिंह बिष्ट**
**निवासी-सी-33 आदर्श नगर, कुसमुंडा, कोरबा (छ.ग.) 495454**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

